हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 29 मई 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 ऑपरेशन 'बेल टू जेल': 27 की जमानत निरस्त कर...




07 अमन-चैन और भाईचारे की दुआओं के साथ ईद...



**खबर संक्षेप**

### आदर्श भिलाला समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 14 जून को

**नलखेड़ा।** आगर मालवा जिले में आदर्श भिलाला समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का आठवां प्रतिभा सम्मान समारोह तथा कैरियर मार्गदर्शन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह 14 जून रविवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण सेमिनार हॉल नरवल रोड आगर मालवा पर सुबह 10 से 3 बजे तक रखा जायेगा। आयोजन का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना एवं युवाओं को उनके भविष्य के लिए उचित करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में आगर, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर,देवास, गुना, उज्जैन, इंदौर आदि जिले के सभी तहसील के प्रतिभावान विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है जिनका समारोह में सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह के संयोजक आनंद दलोदिया प्रशासनिक अधिकारी वायनाड (केरल) ने बताया कि शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है। इसी उद्देश्य से प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को सही दिशा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी संजय डगवाल कुशलपुरा ने बताया कि यह सम्मान समारोह आदर्श भिलाला धर्मशाला समिति उज्जैन की उप सांस्कृतिक समिति के नेतृत्व में विगत 7 वर्षों से निरंतर समाज के बच्चों के मार्गदर्शन के लिए सन- 2019 में उज्जैन धर्मशाला से शुरुवात की गई थी, सन- 2025 से आयोजक समिति द्वारा इसे अलग अलग जिले में करने का निर्णय लिया है।

## जिले में जनशिक्षकों का राज: 'प्रभारी' बाबू बन एक दशक से मलाईदार पदों पर बैठे

# 60 से ज्यादा जनशिक्षक बाबू बन कुर्सियों पर जमे, जिपं. सीईओ बोलीं-मेरे अंडर में नहीं आता एजुकेशन सिस्टम!

जिले के शिक्षा विभाग से बड़ा खुलासा हुआ है, जिसने सरकारी दावों और ट्रांसफर-पोस्टिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। वहीं अधिकारी आंखें मूंदे हुए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक गायब हैं और दफ्तरों में तथाकथित जनशिक्षकों का राज चल रहा है। जिले के शिक्षा विभाग से एक ऐसा बड़ा खुलासा हुआ है, जिसने सरकारी दावों और ट्रांसफर-पोस्टिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। यहां नियमों को ताक पर रखकर 60 से अधिक 'प्रभारी' जनशिक्षक पिछले एक दशक से बाबू बनकर मलाईदार कुर्सियों पर बैठे हैं। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जब इस गंभीर अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव से बात की गई तो उन्होंने यह कहा कि एजुकेशन सिस्टम का काम मेरे अंडर में नहीं आता है, यह काम राज्य शिक्षा केंद्र या फिर कलेक्टर द्वारा देखा जाता है।

### क्या कहते हैं नियम?

मध्य प्रदेश की त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के सरकारी नियम स्पष्ट रूप से यह प्रमाणित करते हैं कि शिक्षा विभाग के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का पूरा जमीनी ढांचा सीधे जिला पंचायत सीईओ के प्रशासनिक और नियंत्रणकारी दायरे में आता है। मध्य प्रदेश में जिला शिक्षा केंद्र (समग्र शिक्षा अभियान का जिला कार्यालय) सीधे जिला पंचायत के अधीन कार्य करता है। जिला पंचायत सीईओ इस केंद्र के पदेन अतिरिक्त जिला मिशन संचालक होते हैं। डीपीसी सीधे उन्हें ही रिपोर्ट करते हैं।

### जनशिक्षकों पर कार्रवाई का हक

जनशिक्षकों की पदस्थापना, काउंसिलिंग और अंतिम आदेश जारी करने वाली जिला स्तरीय समिति में सीईओ की भूमिका मुख्य होती है। यदि कोई जनशिक्षक मॉनिटरिंग में लापरवाही बरते तो जिला पंचायत सीईओ को उनका वेतन रोकने, अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल शाला भेजने का पूरा कानूनी अधिकार है।

### मूल शाला जाना भूले गुरुजी

शिक्षक संगठनों ने विभाग पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन प्रभारी जनशिक्षकों को नियमों के खिलाफ इतने लंबे समय तक पदों पर बनाए रखने के लिए पर्दे के पीछे रिचार्ज और खातिरदारी का खेल चलता है, जो जितना बड़ा रिचार्ज देता है, उसकी कुर्सी उतनी ही सुरक्षित रहती है। नियमों के मुताबिक प्रतिनियुक्ति सिर्फ 2 साल की होती है और एक स्कूल से एक ही जनशिक्षक बन सकता है, लेकिन सीहोर में नियमों के परखच्चे उड़ रहे हैं।

### साहब खुद दो-दो कुर्सियों पर बैठे

इस पूरे मामले को वर्तमान प्रभारी डीपीसी आरआर उइके का खुला संरक्षण मिला हुआ है, क्योंकि वे खुद नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। उइके मूलतः एक स्कूल प्राचार्य हैं, लेकिन वे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एपीसी पद पर पिछले 12 वर्षों से और सीहोर में प्रभारी डीपीसी के रूप में पिछले 3 वर्षों से जमे हुए हैं। डीपीसी साहब खुद दोनों पदों के नाम पर अलग-अलग सर्वसुविधायुक्त दफ्तर, केबिन और दो-दो सरकारी गाडिय़ों व ड्राइवरों का मजा ले रहे हैं।

### अंचल में शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह चौपट

इन चहेते और रसूखदार शिक्षकों के दफ्तरों में बाबू बनकर बैठने के कारण ग्रामीण इलाकों के स्कूलों की हालत बदतर हो चुकी है। कई स्कूलों में शिक्षक न होने से पढ़ाई पूरी तरह चौपट हो गई है, जबकि पात्र और योग्य शिक्षक अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं।

**कौन कब से काबिज**

- सुरेन्द्र सिंह यादव: पहले 5-6 साल जनशिक्षक रहे, फिर 8-10 साल बीएसी पद पर मजे लिए और अब पिछले 1 साल से अधिक समय से एपीसी के पद पर काबिज हैं।
- जगदीश मालवीय: कस्तूरबा स्कूल सीहोर में जनशिक्षक के पद पर एक दशक से ज्यादा समय से जमे हुए हैं।
- एक ही स्कूल से दो :दो प्रभारी: नरेश गुर्जर (गुड़भेला स्कूल) और राजेश चौहान (मुंगावली स्कूल) के मामले में नियमों को दरकिनार कर एक ही स्कूल से दो-दो प्रभारियों को उपकृत किया गया है।
- सुमन सिंह: मंडी हाई स्कूल में यह एकमात्र शिक्षक हैं, इसके बावजूद बच्चों की पढ़ाई छुड़वाकर इन्हें नियम-विरुद्ध तरीके से जनशिक्षक बनाकर दफ्तर में बैठाया गया है।
- दशक से जमे अन्य नाम: विमल शर्मा, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, पवन त्यागी, चंदर सिंह ठाकुर, महेश राठौर, महेश मालवीय, सुरेश जायसवाल, नंदकिशोर वर्मा और गुरु प्रसाद जामलिया को अपनी कुर्सियों पर मलाई काटते हुए 8 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है।

**मुझे नहीं जानकारी**

एजुकेशन सिस्टम मेरे अंडर में नहीं आता है, यह राज्य शिक्षा केन्द्र या कलेक्टर द्वारा देखा जाता है, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

**सर्जना यादव,** सीईओ जिला पंचायत सीहोर

## मां बगलामुखी मंदिर पर जल सेवा का कार्य निरंतर जारी



**नलखेड़ा।** इस भीषण गर्मी में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओ के लिए शीतल जल की सेवा निरंतर जारी है। इस भीषण गर्मी में नगर के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मंदिर पर पुरोहित का कार्य करने वाले पंडितों द्वारा बगैर किसी नाम अथवा बैनर के जल सेवा का पुनीत कार्य निरंतर जारी है। सिद्धपीठ पर श्रद्धालुओं को इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाने के लिए शीतल जल उपलब्ध हो सके इस पुनीत उद्देश्य को लेकर प्रारम्भ किया गया उक्त जल सेवा का कार्य मंदिर के मुख्य सिंह द्वार के समीप निरंतर जारी है। जहाँ प्रातः 9 बजे से देर शाम तक प्रेमपूर्वक भक्तों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा है। इस दौरान यदि दर्शनार्थियों की कतारें लग रही हो तो कतार में भी ठंडा पानी सेवादारों द्वारा भक्तों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। पुरुषोत्तम मास में जल सेवा के इस कार्य की सिद्धपीठ पर पहुंचने वाले भक्तों द्वारा मुक्तकंठ से प्रंशसा की जा रही है।

### नाली में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**भैरूंदा।** नगर में उस समय सनसनी फैल गई, जब सुदामापुरी कॉलोनी स्थित आदिवासी छात्रावास के पास एक नाली में युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों की नजर नाली में पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना भैरूंदा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राधेश्याम कॉलोनी निवासी राजेश उर्फ लल्लू, पिता रमेश मालवीय जाति धोबी समाज उम्र साल के रूप में हुई है।

# कांग्रेस की जीत का रथ रोकने वाले भाजपा पूर्व विधायक के गांव में जलसंकट, हैंडपंप सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर विधानसभा क्षेत्र का एक ऐसा गांव, जिसने जिले की राजनीति की दिशा बदल दी, आज खुद बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। यह गांव है डोबरा, जो भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक स्वर्गीय मदनलाल त्यागी का गृह ग्राम है। यह वही मदनलाल त्यागी हैं, जिनके विधायक बनने के बाद से सीहोर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ऐसी पिटी कि आज तक जीत को तरस रही है। भाजपा के इस अभेद्य गढ़ और पूर्व विधायक के गांव में आज हालात ये हैं कि भीषण गर्मी और नौतपा के बीच करीब एक हजार की आबादी पानी के एक-एक घूंट के लिए जद्दोजहद कर रही है। बता दें लगभग एक हजार की आबादी वाले डोबरा गांव में सरकारी दावों की पोल खुल चुकी है। गांव में कुल 10 सरकारी हैंडपंप हैं, जिनमें से 9 पूरी तरह सूख चुके हैं। एकमात्र चालू हैंडपंप का जलस्तर भी इतना नीचे चला गया है कि उसमें से रुक-रुक कर थोड़ा-बहुत पानी आता है। डोबरा कॉलोनी के गरीब और मजदूर परिवारों के सामने सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण ये परिवार निजी बोरिंग नहीं करा सकते और करीब 100 परिवार पूरी तरह सरकारी हैंडपंपों के भरोसे हैं। ग्रामीणों को अपनी रोजी-रोटी और जरूरी काम छोडक़र घंटों हैंडपंप पर कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई लोग साइकिल और बाइकों पर बर्तन बांधकर दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं।



### 2024 की 'नर्मदा परियोजना' आज भी अधूरी

गांव में पेयजल संकट को स्थाई रूप से खत्म करने के लिए साल 2024 में जल निगम द्वारा नर्मदा पाइपलाइन परियोजना स्वीकृत की गई थी। लेकिन ठेकेदार की मनमानी और कछुआ चाल के कारण आज 2026 में भी पूरे गांव में लाइन नहीं बिछाई जा सकी है। पानी की टंकी का निर्माण कार्य भी सालों से अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि ठेकेदार अपनी मर्जी से काम कर रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, जिसके कारण उन्हें हक का नर्मदा जल नसीब नहीं हो पा रहा है।

### फंड है, लेकिन पीएचई ने नई बोरिंग पर लगाई रोक

इस पूरे मामले में प्रशासनिक संवेदनहीनता भी सामने आई है। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम पंचायत के पास लाखों रुपए का फंड मौजूद है जिससे नया बोरिंग या हैंडपंप लगाया जा सकता है। लेकिन जनपद पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने यह कहकर नई बोरिंग पर रोक लगा दी है कि गांव में जल निगम की नर्मदा लाइन का काम चल रहा है।

### अफसर का तर्क, लक्ष्य कम मिले हैं

इस अजीबोगरीब अड़ंगे और जलसंकट के संबंध में जब पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना का कहना है कि इस वर्ष शासन से नए बोरिंग के लक्ष्य कम मिले हैं। उन्होंने अजीब सा तर्क देते हुए कहा कि यदि बहुत अधिक आवश्यकता होगी, तभी नए बोरिंग कराए जाएंगे। अब सवाल यह उठता है कि क्या 10 में से 9 हैंडपंप सूख जाना और एक हजार की आबादी का प्यासा मरना पीएचई विभाग के लिए बहुत अधिक आवश्यकता की श्रेणी में नहीं आता। पूर्व विधायक के गांव की यह दुर्दशा जिले के प्रशासनिक समन्वय और विकास के दावों पर बड़े सवाल खड़े कर रही है।

# मेलॉडी खाओ बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, सीएनजी के आसमान छूते दाम और अघोषित बिजली काटौती को भूल जाओः राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश और प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, सीएनजी के आसमान छूते दामों और चरमराती बिजली-पानी की व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने सीहोर में एक अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के व्यस्ततम बस स्टैंड और पटेल पेट्रोल पंप के आसपास से गुजरने वाले राहगीरों, आम जनता और किसानों को मेलोडी चॉकलेट बांटी। कांग्रेस का यह अनोखा प्रदर्शन पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि आज आम जनता महंगाई से त्रस्त है तथा नीट पेपर लीक मामले को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी और गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई गई तथा जनता को वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराया गया। लेकिन सरकार को इसकी कोई फिक्र नहीं है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी विदेश यात्रा के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की थी, जिसे लेकर भाजपा के नेता जश्न मना रहे हैं। राजीव गुजराती ने तंज कसते हुए कहा भाजपा की यह सरकार अब देश की जनता से भी यही चाहती है कि लोग मेलोडी खाएं और देश की असल समस्याओं व कमरतोड़ महंगाई को भूल जाएं। लेकिन कांग्रेस जनता के साथ है और उनके हक की आवाज उठाती रहेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सिलसिलेवार ढंग से आम जनता और किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए सरकार को घेरा उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी की जेब पर डाका डालते हुए पिछले महज एक सप्ताह के भीतर पांच बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए गए हैं, जिससे परिवहन और रोजमर्रा की चीजें महंगी हो रही हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने कहा कि रसोई गैस के दाम लगातार आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। वहीं सोना चांदी के दाम इतने बढ़ चुके हैं कि यह अब आम आदमी की पहुंच से पूरी तरह बाहर हो गए हैं।



श्री गुजराती ने कहा कि आज किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं। उन्हें अपनी फसलों का वाजिब दाम एमएसपी नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ भीषण गर्मी के इस दौर में गांवों में बिजली नहीं मिल रही है। अघोषित बिजली कटौती से तंग आकर अब ग्रामीणों को सडक़ों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। श्री गुजराती ने आरोप लगाया कि सीहोर जिले के भाजपा नेताओं को जनता की इन बुनियादी तकलीफों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वे जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय सिर्फ उत्सवधर्मिता और हेडलाइंस बटोरने में व्यस्त हैं। इस अनूठे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और लोगों को मेलॉडी टॉफी खिलाकर बढ़ती महंगाई के प्रति जागरूक किया। प्रदर्शन के दौरान रूप से उपस्थित कांग्रेसजनों में घनश्याम यादव, प्रीतम चौरसिया, रामायण प्रसाद शुक्ला, अरूण राय, रामलाल मालवीय, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, आसिफ अंसारी, पंकज शर्मा, सुख सिंह, गजराज परमार, ब्रजेश पाटीदार, हरिओम सिसोदिया, तनिष्क त्यागी, सुयश तोमर, यश यादव, दिव्यांश मालवीय, जितेन्द्र परमार, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## नेपाल में भारत का परचम लहराने जाएंगे सीहोर के खिलाड़ी

# इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के इंदौर नाके के समीपस्थ बजरंग कालोनी स्थित मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में नेपाल में भारत का परचम लहराने के लिए 30 से अधिक कराटे खिलाड़ियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोच लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष प्रशिक्षण शिविर के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों में त्र्यंबक ठाकुर, पायल बागवान, विनायक वर्मा, शिवन्या सिंह, वैभव वर्मा, कीर्ति वर्मा, आरुषी वर्मा, साक्षी चौहान, हर्षिता, राखी परमार, झिलमिल लोधी दीपिका लोधी, प्रिंस भारती, मृदुल कावड़े, साधना परमार, सुहानी सिसोदिया, वेदांत मारण, अनाया कुक्लोद, आरुषि पाराशर, रेयांश चड्ढा, मोहम्मद उज़ेर खान, पायल कावड़े, देवेंद्र राठौर, अयूब खान, हेमंत परमार, खुशी मथरिया, नाजिया शाह, भावेश परमार, उज्जवल सोनी, रूप सिंह, शौर्य मालवीय, प्रिंसी परमार, जीशान खान सभी खिलाड़ियों को संस्था द्वारा ट्रेक सूट प्रदान किये गए जिसमे संस्था के त्र्यंबक ठाकुर संस्था की सचिव विमल ठाकुर आदि शामिल थे। प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एसोसिएशन के लगातार 30 सालों से कराटे कोच श्री ठाकुर के नेतृत्व में नेपाल में टीम इंटरनेशनल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जा रही है। आगामी 30 मई को रवाना होने वाली टीम में करीब दो दर्जन से अधिक कराटे खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण का समापन 30 मई की सुबह को किया जाएगा।




# अमलाहा टोल के पास बस ने सोयाबीन से भरे ट्रैक्टर को मारी टक्कर, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर अमलाहा टोल के नजदीक हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जब पीछे से आ रही एक निजी बस ने सोयाबीन से भरे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में जा गिरा और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रैक्टर गोलुखेड़ी गांव निवासी किसान का बताया जा रहा है, जबकि बस मिश्रा ट्रैवल्स की बताई गई है। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया, हालांकि ट्रैक्टर चालक जीवन सिंह वर्मा निवासी गोलुखेड़ी घायल हो गए।मामले में अमलाहा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह ठाकुर ने बताया कि बस ने सोयाबीन से भरे ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मारी है। घायल चालक को चोट आई है, जबकि बस में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है।लगातार हो रहे सड़क हादसों ने हाईवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सवाल यह है कि आखिर प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर हाईवे पर सुरक्षा के ठोस इंतजाम भी होंगे?



## खबर संक्षेप

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया



**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय देवास में संचालित उमंग स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माहवारी स्वच्छता विषय पर जागरूकता संवाद सहित, प्रश्नोंत्तर सत्र एवं ग्रुप डिस्कशन, विषय प्रस्तुतीकरण आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य माहवारी के संबंध में समाज में व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करना एवं माहवारी के दौरान स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल के लिए किशोरी बालिकाओं/ महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाना है1 जेम्स बेक ने बताया कि माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम जिला स्तर के साथ ही विकासखंड स्तर की स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालित उमंग स्वास्थ्य केंद्रों, साथिया कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर द्वारा साथिया की सहभागिता कर, आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से समुदाय स्तर पर तथा सीएचओ द्वारा जागरूक किया।

### गर्मी व लू से बचाने के लिए दी दवाई

**देवास।** होम्योपैथिक मेडिकल प्रेक्टिशनर एसोसिएशन देवास द्वारा भीषण गर्मी और नौतपा में ट्राफिक जवानों को गर्मी एवं लू से बचाने के लिए होम्योपैथिक दवाई ट्राफिक टीआई पवन बागड़ी को प्रदान की तथा उनसे अनुरोध किया गया कि जो ट्राफिक के जवान धूप एवं गर्मी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्हें यह दवाई दी जाए वे लू एवं गर्मी से बच सकें। इस अवसर पर डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. नवीन कानूनगो एवं डॉ. एल.एस. चावड़ा उपस्थित रहे।

### जमानत शर्तो का उल्लंघन कर अपराध घटित करने पर कार्रवाई की

# ऑपरेशन 'बेल टू जेल': 27 की जमानत निरस्त कर देवास पुलिस ने पहुंचाया जेल

### 247 कुख्यात अपराधी पुलिस की निगरानी में थाना सिविल लाइन में किया था प्राणघातक हमला संबंधी अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशों के अनुरूप देवास पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन बेल टू जेल" के तहत एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है। गंभीर अपराध में जमानत पर रिहा होने के बाद पुनः आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए गए आदतन अपराधी किशोरसिंह राठौर की जमानत न्यायालय द्वारा निरस्त कर दी गई है। इसके साथ ही आरोपी को दोबारा जेल भेजने की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन राकेश कुमार गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में जिले में ऐसे अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है, जो न्यायालय से जमानत मिलने के बाद भी कानून का उल्लंघन कर दोबारा अपराध कर रहे हैं।पुलिस के अनुसार आरोपी किशोरसिंह पिता रामचंद्र राठौर निवासी दशहरा मैदान, निवाड़ नगर, ईटावा के विरुद्ध लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व थाना सिविल लाइन में हत्या के प्रयास, मारपीट एवं एससी-एसटी एक्ट से संबंधित गंभीर अपराध दर्ज हुआ था। इस मामले में आरोपी को उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ से सशर्त जमानत प्राप्त हुई थी। जमानत की शर्तों के तहत आरोपी को किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि से दूर रहने के निर्देश दिए गए थे।इसके बावजूद आरोपी ने जमानत अवधि के दौरान ही थाना कन्नौद क्षेत्र में




पुनः अपराध कारित किया। इस संबंध में उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 835/2025 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर देवास पुलिस ने माननीय जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत निरस्तीकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी की जमानत निरस्त करते हुए उसे गिरफ्तार करने के आदेश जारी किए।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि "ऑपरेशन बेल टू जेल" के अंतर्गत ऐसे कुख्यात और आदतन अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है, जो गंभीर अपराधों में जमानत पर छूटने के बाद दोबारा कानून व्यवस्था के लिए खतरा बनते हैं। जिले में अब तक ऐसे लगभग 247 अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है। इनमें से 27 आरोपियों की जमानत निरस्त कर उन्हें पुनः जेल भेजा जा चुका है, जबकि शेष मामलों में न्यायालयीन प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का उद्देश्य समाज में कानून का सम्मान बनाए रखना तथा आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल, थाना प्रभारी सिविल लाइन अमित सोलंकी एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।

## तहसीलदार ने टोंकखुर्द के पटवारियों पर लगाया जुर्माना

### लोक सेवा गारंटी प्रकरणों में की लापरवाही



हरिभूमि न्यूज ⏭ टोंकखुर्द

टोंकखुर्द तहसीलदार गौरव निरंकारी ने लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त सीमांकन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर तहसील में पदस्थ सात पटवारियों पर अर्थदंड अधिरोपित किया है।जानकारी अनुसार पटवारी केदार मंडलोई, विजय पटेल, सुरेश बघेल, विनय बड़ोदिया, अनुराग यादव, वीणा प्रजापति एवं संतोष कुमावत ने अपने-अपने हल्कों में लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त सीमांकन प्रकरणों के प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत नहीं किए। इसके कारण संबंधित प्रकरण निर्धारित समय-सीमा से बाहर हो गए।तहसीलदार ने आदेश में उल्लेख किया है कि संबंधित पटवारियों द्वारा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई। इसी के चलते मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 की कंडिका-7 के तहत कार्रवाई करते हुए प्रत्येक संबंधित प्रकरण पर 250 रुपये की दर से अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।तहसीलदार ने सभी पटवारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित जुर्माना राशि जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### 3 जून को प्लेसमेंट ड्राइव का होगा आयोजन

**देवास।** जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए देवास जॉब पोर्टल के माध्यम से वेलस्पन लिविंग लिमिटिड द्वारा 03 जून को मल्हार स्मृति मंदिर देवास में सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक विशाल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती अभियान के अंतर्गत ट्रेनी (मशीन ऑपरेटर) पद हेतु कुल 450 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ रिज्यूम लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन हेतु उम्मीदवार देवास जॉब पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं अथवा दिए गए QR Code को स्कैन कर आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए कंपनी के एचआर सेक्शन में 98266-23202 पर बात करें। इच्छुक उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित की गई है तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के वेतनमान पर लगभग 16 हजार 968 रुपये वेतन प्रदान किया जाएगा। कंपनी द्वारा कर्मचारियों को कैंटीन, हॉस्टल, बस सुविधा, बोनस, ओवरटाइम, मेडिकल सुविधा एवं दुर्घटना बीमा जैसी अनेक सुविधाएँ भी प्रदान की जाएँगी।

### आयुक्त ने विकास कार्यों का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने निर्देश दिए



**देवास।** निगमायुक्त आयुक्त दलीप कुमार ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का सघन निरीक्षण विगत दिनों किया। इस दौरान उन्होंने सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।आयुक्त ने सबसे पहले एमजी रोड पर चल रहे निर्माण कार्यों का पैदल भ्रमण किया। उन्होंने सड़क के दोनों ओर हो रहे नाला निर्माण का निरीक्षण कर उसमें आ रही तकनीकी समस्याओं पर चर्चा की। मौके पर मौजूद सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी एवं वार्ड उपयंत्री को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।आयुक्त ने कहा कि एमजी रोड पर नाले की शेष खुदाई का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षा से पहले संपूर्ण नाले का निर्माण हर हाल में पूरा हो। इसके साथ ही आयुक्त ने जनता बैंक से सुभाष चौक तक इलेक्ट्रिक लाइन एवं सीवरेज लाइन का काम भी शीघ्र पूरा करने को कहा। आयुक्त ने कहा कि वर्षाकाल में एमजी रोड के रहवासियों, व्यापारियों, राहगीरों एवं ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान निगम के तकनीकी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### महाराष्ट्र समाज ने वीर सावरकर को जयंती पर किया स्मरण

**देवास।** स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र समाज, देवास द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा देश की स्वतंत्रता के लिए उनके योगदान को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष दीपक कर्पे ने कहा कि वीर सावरकर ने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने पोर्ट ब्लेयर स्थित सेल्युलर जेल में सावरकर पर हुए अमानवीय एवं असह्य अत्याचारों का उल्लेख करते हुए उनके अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को प्रेरणास्त्रोत बताया।

## ईदगाह पर ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की अमन चैन व देश की तरक्की के लिए मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

ईद-उल-अजहा (बकरा ईद) का पर्व इस वर्ष भौरासा में मुस्लिम समाज द्वारा हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। परंपरागत रूप से तालिब शाह बाबा की दरगाह से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ईदगाह पहुंचा। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।ईदगाह पर जामा मस्जिद बड़ा मोहल्ला के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद जाबिर रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। वहीं नन्हा मोहल्ला मस्जिद ग्राउंड पर काजी अब्दुल वहाब खान साहब ने नमाज का नेतृत्व किया। नमाज के बाद देश में अमन, शांति, भाईचारे और भारत की तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई।इमाम मोहम्मद जाबिर रजा एवं काजी अब्दुल वहाब खान ने अपने संदेश में कहा कि ईद का यह मुकद्दस दिन अल्लाह का शुक्र अदा करने, गरीबों और यतीमों की मदद करने तथा प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश देता है। उन्होंने पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा के बताए रास्ते पर चलने और एक-दूसरे का ख्याल



रखने की सीख दी।जुलूस एवं नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए भौरासा थाना प्रभारी अनिता सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह राजपूत सहित पुलिस बल तैनात रहा।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद ईनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुस्लिम समाज का स्वागत कर ईद की शुभकामनाएं दीं।इसके बाद आजाद चौक पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह ठाकुर राणा, परिषद कर्मचारियों एवं पार्षदों ने काजी साहब और इमाम साहब का साफा बांधकर सम्मान किया तथा ईद की मुबारकबाद दी।

## नाथ समाधि के पास माता टेकरी पर आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रसिद्ध माता टेकरी पर गुरुवार दोपहर एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई। यह घटना नाथ समाधि के पास हुई, जिस पर समिति सदस्यों और स्थानीय लोगों ने 15 से 20 मिनट में काबू पा लिया। नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में सहयोग किया। आग अचानक भड़क उठी, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह उल्लेखनीय है कि टेकरी पर पहले भी आग लगने की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें काफी नुकसान हुआ था। हालांकि, इस बार समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। नायब



तहसीलदार कपिल गुर्जर ने बताया कि आग छोटी थी और लगभग 10 से 15 मिनट में उस पर काबू पा लिया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि टेकरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा एक योजना तैयार कर ली गई है, जिसे जल्द ही लागू किया जाएगा।।

### चालकों के आरटीओ से लाइसेंस निलंबित

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान द्वारा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्थाओं को सुरक्षित बनाने की दिशा में कई प्रकरणों का निराकरण करते हुए कार्रवाई की गई। मई माह में आए 26 प्रकरणों में वाहन चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई। 26 वाहन चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई।

## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ की कन्नौद ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन एवं उज्जैन संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन तथा देवास जिला अध्यक्ष अरविंद चौकसे के मार्गदर्शन में कन्नौद ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठन को नई मजबूती प्रदान की गई।

संघ द्वारा पिछले दिनों वरिष्ठ पत्रकार एवं सक्रिय समाजसेवी श्री रविंद्र परमार (कांटाफोड़) को कन्नौद ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। नियुक्ति के बाद उन्होंने संगठन के विस्तार एवं पत्रकार हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर बाबूलाल चौधरी (बिचकुआं), आकाश सेठी (पानीगांव) एवं आनंद योगी (सतवास) को नियुक्त किया गया है। वहीं संगठन की आर्थिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने हेतु कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राजकुमार मोदी (कन्नौद) को सौंपी गई है। इसके अलावा सचिव पद पर मनोज डाबी (लोहारदा) तथा सहसचिव पद पर अरविंद भूतड़ा (लोहारदा) को नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र परमार ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका पूरी ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ निर्वहन किया जाएगा।

### श्रीमद भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर थिरके श्रद्धालु, भक्ति का सैलाब उमड़ा

# कथा में नित्य प्रतिदिन हो रहा प्रातः वैदिक पूजन व अभिषेक





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महाराष्ट्र समाज धर्मशाला में श्री औदुम्बर वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वाधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को भागवताचार्य पं. डॉ. दीपेश पाठक महाराज ने भगवान वामन अवतार, और समुद्र मंथन की कथा सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद, उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया, जिसे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि बलि ने अपना सब कुछ भगवान को अर्पित कर दिया, जिसके कारण भगवान चार महीने के लिए उनके पास सुतल लोक में निवास करते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूमः कथा के अंतिम चरण में, पं पाठक ने मथुरा में कंस के कारागार में श्रीकृष्ण के प्रकट होने की लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान चतुर्भुज रूप में प्रकट हुए और अपने माता-पिता, देवकी और वासुदेव, को पूर्व जन्म की लीलाओं का स्मरण कराया। इसके बाद, उन्होंने बाल रूप धारण किया, और वासुदेव उन्हें गोकुल ले गए। गोकुल में श्रीकृष्ण के आगमन पर नंदलाल का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने 'छैल लुटाई' और बधाई गीत गाकर इस आनंदमयी उत्सव में हिस्सा लिया तत्पश्चात आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया । इस अवसर पर बड़ी सँख्या में महिला एवं पुरुषों ने कथा श्रवण की। सिंध हिन्दू पंचायत के पदाधिकारियों ने महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद लिया तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों , इंदौर,उज्जैन, आष्टा राऊ रँगवास से समाजजन ने भागवत कथा में उपस्थित रहकर धर्मलाभ लिया। उक्त आयोजन का सफल संचालन वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया एवं आभार संयोजक जयंत शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक ने बताया की अधिकमास के पवित्र माह में आयोजित भागवत सप्ताह में प्रतिदिन देव एवं पितृ पूजन,अभिषेक मुख्य यजमान महेंद्र दुबे, जयंत शर्मा, महेंद्र जोशी, प्रकाश चौधरी, सुनील दुबे द्वारा वैदिक आचार्य पं. मनीष पाठक व विप्रजनों के मार्गदर्शन में नित्य प्रतिदिन संपन्न हो रहा हैं। भागवत सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर कृष्ण जन्मोत्सव पर कृष्ण के जन्म की जीवंत प्रस्तुति महिला मंडल की कोमल दुबे के मार्गदर्शन में प्रस्तुत की गई।

**खबर संक्षेप**

### निर्माण स्थल पर हमला तीन लोगों से मारपीट

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित सिविल लाइन चौकी अंतर्गत सिविल जिला चिकित्सालय के सामने निर्माणाधीन स्थल पर देर रात करीब 12 बजे दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि मुंह पर कपड़ा बांधे करीब एक दर्जन लोग निर्माण स्थल पर पहुंचे और वहां चौकीदारी कर रहे लोगों के साथ मारपीट करते हुए दो पिलरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार इससे पहले भी 24 मई को इसी निर्माण स्थल के 18 पिलर तोड़े गए थे, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। आरोप है कि उस समय प्रभावी कार्रवाई न होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने दोबारा वारदात को अंजाम दे दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार हमलावरों ने मौके पर मौजूद तीन लोगों के साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से भागने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सम्यक जैन, अर्पित जैन तथा अतिशय जैन शामिल हैं। बताया जा रहा है कि घटना में शामिल अन्य छह आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता तालबेहट अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मई की रात करीब 11 बजे वह अपने परिवार के साथ आंगन में सो रही थीं। इसी दौरान गांव का ही सुंदरपाल सिंह पुत्र ज्ञान सिंह ठाकुर उनके घर में घुस आया और गलत नीयत से उन्हें पकड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर उनके पति धर्मेन्द्र सिंह जाग गए और आरोपी को मौके पर देख लिया।आरोप है कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के डर के कारण वह समय पर थाने में शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं। तालबेहट पुलिस ने आरोपी सुंदरपाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवती से छेड़छाड़, विरोध पर मां को धमकी दी

**ललितपुर।** कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ छेड़ख़ानी और विरोध करने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुख्य आरोपी अजय उर्फ बिटई समेत उसके परिजनों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 मई की शाम करीब 7 बजे वह गांव के पास खेत में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला अजय उर्फ बिटई पुत्र ओमकार कुशवाहा वहां पहुंच गया और उसने गलत नीयत से युवती को पकड़ लिया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़ख़ानी की। खींचतान में युवती के कपड़े भी फट गए। पीड़िता के शोर मचाने पर उसकी मां सविता मौके पर पहुंच गईं, जिन्हें आता देख आरोपी मौके से भाग निकला। घटना के बाद जब पीड़िता की मां शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचीं तो वहां मौजूद परिजनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने मां-बहन की गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और हमला करने पर आमादा हो गए। किसी तरह पीड़िता की मां वहां से जान बचाकर निकलीं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अजय काफी समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था, बदनामी के डर से परिवार अब तक चुप था।

## उत्साह से मनाई ईद-उल-अजहा, ईदगाह समेत 13 मस्जिदों में की नमाज

# अमन-चैन और भाईचारे की दुआओं के साथ ईद की नमाज मुकम्मल हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में त्यौहारों की पावन परंपरा को कायम रखते हुए ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार बेहद अकीदत, अदब और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर की मुख्य ईदगाह सहित विभिन्न 13 मस्जिदों में नमाजियों ने पूरे हुजूम के साथ खुदा की बारगाह में सिर झुकाया। शहर की ऐतिहासिक ईदगाह में नमाज की अदा की गई। नमाज मुकम्मल होने के बाद मुल्क में अमन, चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए खुसूसी दुआ मांगी गई। इस दौरान पूरा माहौल रूहानी और अमन के रंग में सराबोर नजर आया। ईदगाह में नमाज की इमामत शहर पेश इमाम हाफिज मुबीन खान ने की। नमाज के बाद उन्होंने ईद का पारम्परिक 'खुतबा' पढ़ा, जिसे वहां मौजूद हजारों नमाजियों ने पूरी शिद्दत और अकीदत के साथ सुना। इमाम साहब ने अपने संबोधन में त्याग, बलिदान और नेकी की राह पर चलने का संदेश दिया।जैसे ही नमाज और दुआ का सिलसिला संपन्न हुआ, ईदगाह परिसर और उसके बाहर मुबारकबाद का दौर शुरू हो गया। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद दी। बड़ों ने छोटों को दुआएं दीं, तो वहीं बच्चों में त्योहार को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर असलम कुरैशी, आरिफ कुरैशी, मोहम्मद नसीम, मुस्तफा मेंबर, इमरान मंसूरी, हमीद मंसूरी, जावेद अली, हैदर अली, खुर्शीद आलम, शाकिर अली, रज्जब अली, यूसुफ मंसूरी, मुश्ताक खान मेंबर, सरफराज मेंबर, शमीम खान, अख्तर मास्टर, अंसार कुरैशी, मोहम्मद वसीम राजा, परवेज पठान, करीम पप्पू राईन, हाजी साबिर अली, इम्तियाज खान आदि मौजूद रहे।

#### नेताओं ने दी बधाई, गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी झलक

इस खास मौके पर जिले की गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक भी देखने को मिली। ईदगाह के बाहर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उन्होंने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

#### प्रशासनिक अमला रहा मुस्तैद, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

त्योहार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन सुबह से ही पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुद आला अधिकारी मैदान में डटे रहे। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक इसके साथ ही एडीएम, एसडीएम सदर, सीओ सदर,नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी सहित भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे।

## केंद्र प्रभारियों को फटकारा

# अब पीसीएफ गोदाम और क्रय केंद्र नियमित खुलेंगे

**एसडीएम व तहसीलदार करेंगे भौतिक सत्यापन : डीएम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद के क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज की सही तरीके से खरीद व क्रय केंद्रों पर अनियमितताओं की शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने किसान संगठनों और पीसीएफ गोदाम/क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक की और केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों के साथ किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए समय से क्रय केंद्र खोलकर खरीद करना सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए किसान संगठनों के पदाधिकारियों से वार्ता की, जिसमें किसानों ने बताया कि अधिकांश क्रय केंद्रों पर तौल के लिए कांटा और बोरा पर्याप्त मात्रा में नहीं है और कहीं कहीं तो खरीद ही नहीं की जा रही, केवल व्यापारियों से खरीद ही रही है। इसी प्रकार मसूर की खरीद भी प्रभावित है। इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए पीसीएफ और क्रय केंद्र प्रभारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिए कि कल से नियमित रूप से गोदाम व क्रय केंद्र खोले जाएंगे, यदि ऐसा नहीं हुआ तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों की टीम बनाकर कल से ही क्रय केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जखलौन, सौजना और दैलवारा के क्रय केंद्रों सहित अन्य अव्यवस्था वाले केंद्रों पर तौल कांटा बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीसीएफ क्रय केंद्र प्रभारियों को कलेक्ट्रेट में ही बिठाकर ऑनलाइन बोरा फीडिंग कराई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में क्रय केंद्रों पर किसान की उपज खरीदी जाएगी और अगर शिकायत मिली तो क्रय केंद्र प्रभारी कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

जिलाधिकारी ने मंडी सचिव ललितपुर और महरौनी को निर्देश दिए कि मंडियों में रखे माल का 2 दिन के भीतर उठान कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी वि/रा को नैफेड के लंबित भुगतान की दैनिक निगरानी करते हुए भुगतान कराएं जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा दिनेश कुमार, उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह, मंडी सचिव, किसान संगठन के पदाधिकारी, पीसीएफ व क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

## शादी वाले घर में खुशियों की जगह मातम पसरा

# कार्ड बांटकर लौट रहे युवक को पीछे से बाइक ने जोरदार टक्कर मारी, झांसी ले जाने के दौरान मौत

**हादसा इतना भीषण था कि युवक पुलिया के नीचे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के मुताबिक घायल परमाल ने खुद फोन कर घटना की जानकारी दी थी।**


हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र के खडेरा पुलिया के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटकर वापस लौट रहा था, तभी पीछे से आए बाइक चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में युवक को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से झांसी रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शादी वाले घर में खुशियों की जगह मातम पसर गया। ग्राम दुधई मंजरा कंचनपुरा थाना पाली निवासी रावराजा पुत्र रामचरन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 29 वर्षीय पुत्र परमाल सिंह 27 अप्रैल को अपनी बहन की शादी के कार्ड देने के लिए ग्राम खडेरा गया था। दोपहर करीब 3 बजे वह कार्ड बांटकर वापस लौट रहा था और भारत पेट्रोल पंप से करीब 500 मीटर आगे खडेरा पुलिया के पास वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान सागर की ओर से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एल.9516 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए परमाल सिंह को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक पुलिया के नीचे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के मुताबिक घायल परमाल ने खुद फोन कर घटना की जानकारी दी थी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस से उसे ललितपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन झांसी ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। झांसी मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि बेटे की मौत के बाद परिवार सदमे में था और अंतिम संस्कार, क्रियाकर्म तथा तेरहवीं की वजह से समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। बाद में उन्होंने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने मामले में मुकदमा कायम किया है।

## जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का नगर आगमन

# गो रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा के अंतर्गत शहर पहुंच कर शंकराचार्य गो रक्षा के लिए जनजागरण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 महाराज की गो रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा के अंतर्गत ललितपुर नगर में आगमन होने जा रहा है। शंकराचार्य के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ललितपुर नगर में एलआईसी बिल्डिंग के सामने, इलाइट चौराहे के आगे स्थित परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यात्रा के अंतर्गत 29 मई 2026 को दोपहर 3 बजे शंकराचार्य का नगर आगमन प्रस्तावित है। बताया गया कि 'गविष्टि यात्राइ उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ-रक्षा, गौवंश संरक्षण एवं धार्मिक चेतना के प्रति समाज को जागरूक करना है। इसके माध्यम से हिंदू समाज को गौमाता एवं गोवंश संरक्षण के लिए संगठित एवं प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। यात्रा का कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं मंडलों में निर्धारित किया गया है, जिसमें झांसी, ललितपुर, जालौन, बांदा एवं चित्रकूट मंडल के कई प्रमुख स्थान शामिल हैं। इसी क्रम में ललितपुर में भी विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

# मोबाइल खरीदने गए युवक को दबंगों ने लोहे की रॉड से पीटकर हाथ-पैर तोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर स्थित अंबेडकर पार्क के पास मोबाइल खरीदने गए एक दलित युवक पर दबंगों ने लोहे के पाइप और रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट करते हुए जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में युवक के हाथ और पैर में फ्रेक्चर हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महेशपुरा निवासी राकेश पुत्र बटू अहिरवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र सुरेंद्र 25 मई की दोपहर करीब 3 बजे अपने साथी अनुराग पुत्र दीपचंद्र के साथ स्टेशन रोड नेहरू नगर स्थित अंबेडकर पार्क के पास मोबाइल खरीदने गया था। इसी दौरान गांव और आसपास के रहने वाले जित्तू यादव पुत्र माखन सिंह, राजा यादव, उपेंद्र यादव और अमर सिंह यादव वहां पहुंच गए और एकराय होकर सुरेंद्र पर हमला बोल दिया। शिकायत के अनुसार आरोपियों के हाथों में लोहे के पाइप और छड़ें थीं, जिनसे उन्होंने सुरेंद्र को बेरहमी से पीटा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर मौजूद अनुराग और बहादुर पुत्र कमलेश ने बीच-बचाव कर किसी तरह सुरेंद्र की जान बचाई। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। हमले में गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके हाथ और पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि की है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है।

# पार्षद पत्रकार कुंदन पाल के चाचा के निधन पर प्रेस क्लब ने जताया शोक



ललितपुर। सुपर मार्केट स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में गुरूवार को एक शोकसभा का आयोजन अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में किया गया। सभा में प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकार/पार्षद कुन्दन पाल के पूज्यनीय चाचाजी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया गया। सभा में सभी पत्रकारों ने दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से कामनाएं कीं। सभा उपरान्त सभी पत्रकार साथियों ने पत्रकार/पार्षद कुन्दन पाल के सिविल लाइन स्थित आवास पर जाकर शोक पत्र सौंपा और इस भारी दुख को सहन करने के लिए ईश्वर से धैर्य प्रदान करने की कामनाएं कीं। इस दौरान अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, अनूप मोदी, अमित लखेरा, बृजेश पंथ, राहुल साहू खिरिया, रमेश रायकवार, श्याम दीक्षित, शिब्बू राठौर, अनूप राठौर, निहाल सेन, शिवम अग्निहोत्री, मनीष पाठक, आलोक चतुर्वेदी, सूरज राजपूत, सुमित रायकवार, सुनील जैन, विकास सोनी, अमित संज्ञा, अजितेश जैन, सूरज सिंह, विनोद मिश्रा, जयेश बादल, भगवत नारायण श्रोती, कमलेश साहू, दिव्यांश शर्मा, संजय नायक, आकाश ताम्रकार, अमित राठौर, पंकज रायकवार के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# ट्रेन और रेलवे स्टेशन पर चोरी की 3 वारदातें, जीआरपी में मुकदमे दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में रेलवे यात्रियों और स्टेशन परिसर में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जीआरपी थाना ललितपुर में अलग-अलग मामलों में तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें ट्रेन से सोने के जेवर व नकदी चोरी होने, रेलवे स्टेशन से लैपटॉप बैग पार होने और स्टेशन परिसर से बाइक चोरी होने की घटनाएं शामिल हैं।

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला दिल्ली निवासी गुरप्रीत सिंह से जुड़ा है। उन्होंने जीआरपी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी इंदर कौर के साथ ट्रेन संख्या 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस से दिल्ली से चेन्नई यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी पत्नी का पर्स सीट के पास रखा हुआ था। रात करीब साढ़े तीन बजे जब नींद खुली तो पर्स खुला मिला और उसमें रखे सोने के कड़े, सोने की चेन, डायमंड टॉप्स समेत करीब 10 हजार रुपये नकद गायब थे। चोरी गए जेवरों की कीमत लाखों रुपये बताई गई है। घटना बिजरौठ स्टेशन के पास ट्रेन के एच-01 कोच में हुई। जीआरपी ने बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला महाराष्ट्र के धुले निवासी मनोज कुमार जैन का है। उन्होंने बताया कि वह प्रयागराज-हडपसर एक्सप्रेस पकडऩे के लिए ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर पहुंचे थे। इसी दौरान ऑटो स्टैंड से प्लेटफॉर्म तक सामान लाते समय उनका काले रंग का लैपटॉप बैग चोरी हो गया। पीड़ित ने जीआरपी से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। तीसरी घटना ललितपुर निवासी संजय निरंजन के साथ हुई। संजय ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों को लेने रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने स्टेशन के बाहर एटीएम के पास अपनी काली पैशन प्रो बाइक खड़ी की थी। जब वह वापस लौटे तो बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी वाहन का पता नहीं चल सका। उन्होंने जीआरपी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# ईंट भट्ठा दिखाने के बहाने युवक ने बुजुर्ग के 27 हजार रुपए उड़ाए

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग के साथ ठगी और चोरी की वारदात सामने आई है। ईंटभट्ठा दिखाने के बहाने बाइक सवार युवक बुजुर्ग को सुनसान खेत में ले गया और उनकी जेब काटकर 27 हजार रुपये लेकर फरार हो गया।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जखौरा कस्बे के नदी मोहल्ला निवासी काशीराम पुत्र भगुन सिंह लोधी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 27 मई की सुबह करीब साढ़े सात बजे रामकुमार यादव को पिसी गेहूं के 27,060 रुपये देने के लिए साधन सहकारी समिति जखौरा जा रहे थे। जब वह राम मंदिर की दुकानों के पास पहुंचे, तभी पीछे से काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक आया। युवक ने काली शर्ट पहन रखी थी और हेलमेट लगाया हुआ था। पीड़ित के अनुसार युवक ने उनसे ईंट भ_ा दिखाने की बात कही और अपनी बाइक पर बैठाकर गुलेंदा रोड की ओर ले गया। वहां से वह बुडेरा माइनर के पास एक खेत में पहुंचा और मिट्टी दिखाने लगा। कुछ देर बाद युवक वहां से चला गया। इसके बाद काशीराम ने अपनी जेब देखी तो जेब फटी हुई थी और उसमें रखे 27,060 रुपये गायब थे। घटना के बाद पीड़ित ने जखौरा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सांसद अनुराग शर्मा ने उद्घाटन किया, सुविधाओं को देखा

# मेडिकल कॉलेज के 300 बेड अस्पताल में ओपीडी-आईपीडी सेवाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के 300 बेड चिकित्सालय में ओपीडी एवं आईपीडी सेवाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद अनुराग शर्मा ने फीता काटकर किया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में अस्पताल की नई सुविधाओं का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, सीडीओ शेषनाथ, दिनेश गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पत्रकार उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना बताया गया। अतिथियों ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों में उपलब्ध सुविधाओं और मरीजों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मयंक शुक्ला और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. गजेंद्र सिंह सहित चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारी मौजूद रहे। प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला ने कहा कि 300 बेड चिकित्सालय का संचालन ललितपुर के स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में ओपीडी और आईपीडी सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे मरीजों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

भविष्य में अस्पताल में और अधिक विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, चिकित्सकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

साइट इंजीनियर मौके से नदारद, तकनीकी प्राकलन की अनदेखी का आरोप

# करोड़ों से बन रहे कॉलेज को कबाड़ा बनाने तैयार महकमा!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भवनों के निर्माण की योजना के तहत सारंगपुर महाविद्यालय में करोड़ों रुपए की लागत से अतिरिक्त भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

भवन निर्माण के लिए पीआईयू विभाग द्वारा तकनीकी प्राकलन तैयार कर टेंडर जारी किए गए थे, ताकि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य हो सके। लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य भगवान भरोसे संचालित होने के आरोप लग रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मापदंडों की अनदेखी कर संबंधित ठेकेदार मनमानी तरीके से कार्य करा रहा है। आरोप है कि निर्माण गुणवत्ता की जगह भ्रष्टाचार को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि विभागीय अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बदले गए मजदूर और कारीगर

निर्माणाधीन भवन में कई प्रकार की खामियां सामने आने के बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा पहले कार्य कर रहे मजदूरों और कारीगरों को हटाकर नए श्रमिकों को लगा दिया गया। आरोप है कि ऐसा पूर्व में हुए कार्यों की खामियों और कथित भ्रष्टाचार को छिपाने के उद्देश्य से किया गया है। मौके पर पहुंचे संवाददाता दल को निर्माण स्थल पर पहले कार्य कर चुके एक भी श्रमिक या कारीगर नहीं मिले। इस संबंध में ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं मौके पर मौजूद ठेकेदार के एक कर्मचारी ने बताया कि किसे काम पर रखना है और किसे हटाना है, यह ठेकेदार का निर्णय है। कर्मचारी ने यह भी कहा कि उसके पास भवन का ड्राइंग डिजाइन या तकनीकी प्राकलन उपलब्ध नहीं है और इस संबंध में विभाग ही जानकारी दे सकता है।निर्माण स्थल पर न तो ठेकेदार मौजूद मिला और न ही विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी या साइट इंजीनियर। ऐसे में भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में यह भवन किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

### बोले जिम्मेदार

आपके माध्यम से जानकारी मिली है। पूर्व में भी ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। अब पुनः मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाएगा और यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।"

महेंद्र सिंह नरवरिया, एसडीओ पीआईयू विभाग सारंगपुर।

# युवा कांग्रेस ने विरोध में कहा-मेलोडी खाओ और रोजगार-महंगाई भूल जाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को नगर में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप से छतरी चैराहे तक विरोध मार्च निकाला और आमजन को मेलोडी वितरित कर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती पेट्रोल-डीजल की कीमतों से आम जनता परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल रही है।

विरोध स्वरूप कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ सांसद को साइकिल भेंट करने के लिए सांकेतिक चंदा भी एकत्रित किया। इस दौरान लोगों ने 5 और 10 रुपये देकर समर्थन जताया। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव लखन सिंह बना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र बना , अभिनव पंचोली, तेजश गुप्ते, देवेन्द्र गुर्जर, गिरिराज रूहेला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मंजूलता शिवहरे, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, मनोज महावर, अरुण सिंह बना, जसवंत गुर्जर, पार्षद दीपक शर्मा, सद्दाम हुसैन, सोनू बना, त्रिलोक महावर, रघुवीर सिंह बना, एडवोकेट जे. पी. अग्रवाल, नरेन्द्र रूहेला, सैयद अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, पेट्रोल पंप पर बांटी 'मेलोडी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

देश में लगातार बढ़ रही पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर युवा कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारंगपुर द्वारा बुधवार को अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया। सारंगपुर बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पंप पर पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी,पूर्व नपाध्यक्ष मो.अली,प्रदीप सदानी,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अभय सिसोदिया, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष लखन राजपूत,समीर मेव,शोएब हसन राही सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने



आमजन को 'मेलोडी' बांटकर केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले 10 दिनों से लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की जनता बढ़ती महंगाई से परेशान है, जबकि प्रधानमंत्री विदेश दौरों में व्यस्त हैं। इसी बात को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप पर मेलोडी बांटी और चंदा एकत्रित किया। युवा कांग्रेस नेताओं ने बताया कि 29 तारीख को पचोर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद को प्रतीकात्मक रूप से साइकिल भेंट की जाएगी, ताकि उन्हें बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण आम लोगों की परेशानियों का अहसास कराया जा सके।प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 60 प्रतिशत से कम राशन वितरण करने वाली 36 शासकीय उचित मूल्य दुकानों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा मंगलवार को 90 प्रतिशत से कम वितरण वाले दुकानों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान राज्यल शासन द्वारा आवंटित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह मई-जून 2026 का राशन वितरण 60 प्रतिशत से कम करने वाली शासकीय उचित मूल्या दुकानों पर अप्रसन्नाता व्यलक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिन शासकीय उचित मूल्यत दुकानों को नोटिस जारी किए गए उनमें इनमें जीरापुर विकासखंड की दुकान क्रमांक 3201008 संचालक देवीलाल दांगी, 3201023 महेन्द्र सिंह परिहार, 3201039 ईश्वरसिंह चैहान, 3201082 राधाबाई, 3201083 अयोध्या सोलंकी, 3201099 गिरिजा पंवार एवं 3201109 किरण शामिल हैं।

इसी प्रकार खिलचीपुर विकासखंड में दुकान क्रमांक 3202015 संचालक देवीलाल चैहान, 3202053 लोकेन्द्र सिंह उमठ, 3202079 राजेन्द्र कुमार शर्मा, 3202109 पूजा दांगी एवं 3202121 ममता बाई का वितरण 60 प्रतिशत से कम पाया गया।

राजगढ़ विकासखंड अंतर्गत दुकान क्रमांक 3203006 पृथ्वी सिंह, 3203032 देवेन्द्र नागर, 3203048 गोविंदसिंह, 3203065 गोवर्धन तंवर एवं 3203091 नंदकिशोर नायक शामिल हैं।

वहीं ब्यावरा विकासखंड अंतर्गत दुकान क्रमांक 3204005 दिनेश दांगी, 3204009 रामबाबू सौंधिया, 3204034 माखन सिंह लोधी, 3204056 देवराज सिंह, 3204082 रेखा बाई, 3204083 बबली मीना, 3204102 राजनंदनी उमठ एवं 3204109 पवित्रा गौड़ का राशन वितरण भी निर्धारित लक्ष्य से काफी कम पाया गया।

साथ ही सारंगपुर विकासखंड अंतर्गत दुकान क्रमांक 3205005 लखन सिंह, 3205035 भगवान सिंह, 3205049 सुरेश, 3205096 हेमराज रुहेला, 3205105 पार्वती राजपूत एवं 3205109 मायादेवी का वितरण अत्यंत कम दर्ज किया गया। नरसिंहगढ़ विकासखंड अंतर्गत दुकान क्रमांक 3206035 मनीष, 3206056 दिलीप गोस्वामी, 3206090 नीलम सिंह, 3206100 रीना बाई राजपूत एवं 3206101 जल्ला बाई का वितरण भी 60 प्रतिशत से कम पाया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि पात्र हितग्राही राशन से वंचित न रहें, इस हेतु उक्त संबंधित 36 दुकानों के विक्रेताओं को कम वितरण के संबंध में कारण बताओ सूचनापत्र जारी किए गए। साथ ही सभी विक्रेताओं को खाद्यान्न वितरण कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया।

## भक्ति में डूबे श्रद्धालु, मंदिरों में विशेष दर्शन और धार्मिक अनुष्ठानों की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

अधिक मास के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव के साथ भगवान की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में जुटे हुए हैं। मंदिरों में विशेष सजावट और श्रृंगार किया जा रहा है, वहीं सुबह से देर रात तक दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नगर के प्रमुख बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव, श्रीजी मन्दिर, मन्दिर श्री जमात, जल मन्दिर सहित अन्य मंदिरों में भगवान के विशेष श्रृंगार, महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

अधिक मास को लेकर मंदिर समितियों द्वारा विशेष धार्मिक कार्यक्रम तय किए गए हैं। कई स्थानों पर अखंड रामायण, श्रीमद्भागवत कथा, सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन और सत्संग का आयोजन चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी धार्मिक आयोजनों का दौर जारी है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अधिक मास को भगवान विष्णु की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस माह में दान-पुण्य, जप, तप, व्रत और पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि अधिक मास में की गई भक्ति और धार्मिक कार्यों का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। इसी कारण लोग नियमित रूप से मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। महिलाएं भी बड़ी संख्या में व्रत, कथा और भजन कार्यक्रमों में भाग ले रही हैं।

## जल संकट पर फूटा महिलाओं का गुस्सा नपा का किया घेराव, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर के वार्ड 2 में गहराती पेयजल समस्या को लेकर बुधवार शाम महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। वार्ड की महिलाओं ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर घेराव किया और अध्यक्ष प्रतिनिधि से जल्द समाधान की मांग की। महिलाओं ने कहा कि वार्ड में पिछले 3 दिन से नल नहीं आ रहे हैं। जीन ग्राउंड में बोरवेल हैं, वे भी खराब हो चुके हैं। ऐसे में पीने का पानी कहां से लाएं। भीषण गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी हो रही है।

महिलाओं की बात सुनकर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि एक दिन छोड़कर वार्ड में पर्याप्त नल से जलापूर्ति की जाएगी। इस पर महिलाओं ने दो टूक कहा कि यदि तय समय पर पर्याप्त पानी नहीं मिला तो इसके बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि हाजी डॉ. अजीज कुरैशी भी मौजूद थे।

वहीं फोन पर संपर्क करने पर वार्ड 2 पार्षद अफसाना कुरैशी ने बताया कि वार्ड की समस्या बहुत गंभीर है। यदि वार्डवासियों को पर्याप्त नल नहीं मिले तो वे समस्त वार्ड वासियों के साथ उग्र आंदोलन करेंगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।




## हनुमान मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस मनाया

# भक्तिभाव के साथ आध्यात्मिक उल्लास व श्रद्धापूर्वक भक्तों ने पवनपुत्र का लिया आशीर्वाद, हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की दिव्य चेतना से अनुप्राणित न्यायालय परिसर स्थित श्री तारणहार हनुमान मंदिर का द्विदिवसीय वार्षिक स्थापना महोत्सव अत्यंत भव्यता, आध्यात्मिक गरिमा एवं भक्तिमय वातावरण के मध्य संपन्न हुआ। दो दिनों तक मंदिर परिसर धर्म, भक्ति, वैदिक परंपरा एवं लोकमंगल के अनुपम संगम का साक्षी बना रहा, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान तारणहार हनुमान के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर आत्मिक शांति एवं दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया।

महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार एवं मांगलिक ध्वनियों के मध्य समस्त देवी-देवताओं का विधिवत



आवाहन, स्थापना एवं पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात भगवान तारणहार हनुमान का विशेष पूजन-अर्चन कर श्रीरामचरितमानस पूजन एवं अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। सम्पूर्ण वातावरण रामनाम एवं हनुमंत महिमा से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति भाव से रामकथा श्रवण एवं पूजन-अर्चन में तल्लीन दिखाई दिए।द्वितीय दिवस ब्रह्ममुहूर्त में भगवान तारणहार का विशेष सांगोपांग पूजन, वैदिक अभिषेक एवं दिव्य श्रृंगार संपन्न हुआ। भगवान का अलौकिक एवं नयनाभिराम श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना। अभिषेक उपरांत अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति, विधिवत हवन, यज्ञ एवं पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। वैदिक ऋचाओं, स्वाहा की गूंज, शंखध्वनि एवं जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

सायंकाल भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें दीपों की ज्योति, घंटों की अनुगूंज एवं भक्तों के जयघोष ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। संगीतबद्ध वाद्ययंत्रों की मधुर स्वर-लहरियों, मृदंग की मंगलमयी थाप एवं करतल ध्वनि के मध्य सामूहिक सुंदरकांड पाठ अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। सम्पूर्ण परिसर श्रीराम एवं पवनपुत्र हनुमान के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने भाव-विभोर होकर भक्ति, सुर और स्वर के अद्भुत समन्वय के साथ सुंदरकांड का गान किया तथा अपनी श्रद्धा एवं समर्पण प्रभु चरणों में अर्पित किया। इसके पश्चात विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन के अंतर्गत कन्या भोज का आयोजन भी किया गया, जो सनातन संस्कृति में मातृशक्ति के सम्मान एवं सेवा का प्रतीक माना जाता है।